पंजाब केसरी 03/12/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में नर्सिंग विद्यार्थियों को महिला अधिकारों की जानकारी देतीं डा. ज्योति सौरोत। (देवदत्त)

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में महिला अधिकारों पर हुआ जागरुकता व्याख्यान

अम्बाला, 2 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के अंग्रेजी विभाग एवं अंग्रेजी साहित्यिक क्लब के द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में महिला अधिकारों के विषय पर एक जागरुकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डा. ज्योति सौरोत ने जी.एम.एन. कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझा किए।

अपने अभिभाषण में डा. ज्योति ने छात्र-छात्राओं को महिला अधिकारों में शामिल हिंसा और भेदभाव से मुक्ति, शिक्षा, संपत्ति का मालिकाना हक, वोट देने का अधिकार और समान वेतन पाने का अधिकार जैसे मुद्दों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने श्रोताओं को इन अधिकारों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके भलाई के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि महिलाओं का आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक सशक्तिकरण किसी भी राष्ट्र के विकास, मानवाधिकारों की रक्षा और पोषण के लिए महत्वपूर्ण है। जब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगी, तभी नारी शक्ति का वास्तविक सशक्तिकरण होगा। प्राचार्य ने अंग्रेजी विभाग को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरुकता कार्यक्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजन में अंग्रेजी विभाग से डा. अंशु चौधरी व प्रो. महक का विशेष योगदान रहा।